पत्रिका

नकली शराब बनाने की दो फैक्ट्री पकड़ी, चार गिरफ्तार

आबकारी निरोधक दल ने बालेसर क्षेत्र के चांचलवा और बांवरली गांव में शनिवार को दबिश देकर स्प्रिट से नकली देसी शराब बनाने की दो फैक्ट्री पकड़कर चार जनों को गिरफ्तार किया। 650 लीटर स्प्रिट और भारी तादाद में देसी शराब बनाने की सामग्री जब्त की गई है।

जिला आबकारी अधिकारी डॉ भवानी सिंह राठौड़ ने बताया कि चांचलवा गांव में पप्पूदान चारण के मकान में नकली शराब की फैक्ट्री चल रही थी। वहीं, बांवरली गांव में खेत पर शराब की नकली फैक्ट्री बना रखी थी। आबकारी निरोधक दल ने दोनों जगहों से कुल 650 लीटर स्प्रिट से भरे ड्रम, जेरीकेन, भारी मात्रा में शराब के लेबल, ढक्कन, पव्वे, होलोग्राम और पैकिंग मशीन जब्त की गई। देर रात तक जब्त सामग्री की गिनती की जा रही थी। इस संबंध में आबकारी अधिनियम में अलग-अलग एफआइआर दर्ज की गई है। आबकारी थाना अधिकारी ग्रामीण हरिराम ने बताया कि चांचलवा गांव से पप्पूदान पुत्र कैलाशदान चारण व सुरेश पुत्र राणाराम बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। वहीं, बांवरली में खेत पर बनी फैक्ट्री से समंदरसिंह और संदीप को गिरफ्तार किया गया।

Source: https://www.patrika.com/jodhpur-news/two-factories-making-fake-liquor-caught-four-arrested-19252826